संख्या-5/1/2016-सी.पी.आई.
भारत सरकार
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
श्रम ब्यूरो

'क्लेरेमोंट', शिमला-171 004
दिनांक : 31 मार्च, 2016

प्रेस विज्ञप्ति

औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल-भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक - फरवरी, 2016

फरवरी, 2016 का औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल-भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 2 अंक घटकर 267 (दो सौ सतासठ) अंक के स्तर पर संकलित हुआ। सूचकांक में जनवरी, 2016 एवं फरवरी, 2016 के बीच (-) 0.74 प्रतिशत की कमी रही जो पिछले वर्ष इन्हीं दो महीनों के बीच (-) 0.39 प्रतिशत था।

सूचकांक में दर्ज कमी में सर्वाधिक योगदान खाद्य समूह का रहा जिसने कुल बदलाव को (-)2.21 बिंदु प्रतिशतता से प्रभावित किया। मदों में चावल, अरहर दाल, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल, मूंगफली तेल, सरसों तेल, पोल्ट्री (चिकन), अण्डे (मुर्गी), लहसुन, प्याज, सब्जियां एवं फल, फूल एवं फूल मालाएं, इत्यादि सूचकांक को घटाने में सहायक रहे। उपरोक्त प्रभाव को गेंहू एवं गेंहू आटा, ताजा मछली, बकरे का मांस, दूध, चाय (तैयार), चीनी, सिगरेट, सिलाई शुल्क, इत्यादि में वृद्धि ने कम करने का प्रयास किया।

सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू. पर आधारित मुद्रास्फीति दर पिछले महीने के 5.91 प्रतिशत तथा गत वर्ष के फरवरी माह के 6.30 प्रतिशत की तुलना में इस माह 5.53 प्रतिशत रही। वैसे ही, खाद्य-स्फीति दर पिछले माह के 7.61 प्रतिशत एवं एक वर्ष पूर्व इसी माह के 7.42 प्रतिशत की तुलना में 6.18 प्रतिशत रही।

केन्द्र-स्तर पर, गिरिडीह के सूचकांक में 8 अंकों की अधिकतम कमी रही जिसके बाद मदुराई, तिरूचिरापल्ली, मुंगेर-जमालपुर और बेंगलूरू (7 अंक प्रत्येक) तथा शोलापुर, मुण्डाक्याम और बेलगाम (6 अंक प्रत्येक) रहे। अन्य में, 3 केन्द्रों में 5 अंक, 8 केन्द्रों में 4 अंक, अन्य 8 केन्द्रों में 3 अंक, 14 केन्द्रों में 2 अंक तथा 10 केन्द्रों में 1 अंक की कमी रही। इसके विपरीत, क्विलोन में अधिकतम 5 अंक तथा मैसूर एवं राजकोट (3 अंक प्रत्येक) और कोडरमा में 2 अंक की वृद्धि पाई गई। अन्य 9 केन्द्रों में 1 अंक की वृद्धि रही। शेष 14 केन्द्रों का सूचकांक स्थिर रहा।

कुल 34 केन्द्रों के सूचकांक अखिल-भारतीय सूचकांक से ऊपर तथा अन्य 44 केन्द्रों के सूचकांक राष्ट्रीय औसत से नीचे रहे।

सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू. की आगामी कड़ी मार्च, 2016 माह के लिए दिन शुक्रवार, अप्रैल 29, 2016 को जारी की जाएगी। यह कार्यालय की वेबसाइट www.labourbureaunew.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगा।

(श्याम सिंह नेगी)
उप महानिदेशक